Title: Need to declare the road connecting Indore-Mahu with Kota as National Highway.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर) : सभापति महोदय, मध्य प्रदेश के इन्दौर महू से कोटा सड़क मार्ग जो स्टेट हाइवे है। उक्त मार्ग की लम्बाई 280 किलोमीटर है। यह मार्ग मध्य प्रदेश और राजस्थान को जोड़ने के लिए अति महत्व का है। यह मार्ग इन्दौर महू और कोटा में राट्रीय राजमार्ग से मिलता है। इस मार्ग पर भारी वाहनों, यात्री वाहनों तथा अन्य प्राइवेट वाहनों का अत्यधिक आवागमन होता रहता है। अत्यधिक आवक-जावक के कारण इस सकड़े मार्ग पर भारी असुविधा होती रहै। इस मार्ग को राट्रीय राजमार्ग बनाना जनहित तथा देशहित में है।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि सरकार इस इन्दौरा महू-कोटा मार्ग को राट्रीय राजमार्ग बनाये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करे।